भाग 1 -इकाई-2

साझेदारी लेखे सामान्य

मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश, भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार सत्र 2022-2023 में इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 12 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है –

अंकवार प्रश्नों की संख्या				कुल अंक
वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक)	अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक)	लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक)	विश्लेष्णात्मक प्रश्न (4 अंक)	
6	1	–	1	12

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिये–

(I) साझेदारी में कम से कम होने चाहिये -

(अ) तीन व्यक्ति (ब) दो व्यक्ति

(स) सात व्यक्ति (द) दस व्यक्ति

(II) साझेदार बन सकते हैं -

(अ) व्यक्तियों का समुदाय (ब) कोई संस्था

(स) कोई व्यक्ति (द) कर्मचारी संघ

(III) साझेदारी का अनिवार्य अंग है–

(अ) हानि को बाँटना (ब) हानि तथा लाभ दोनों को बाँटना

(स) सम्पत्तियों को बाँटना (द) लाभों को बाँटना

(IV) भारतीय साझेदारी अधिनियम बनाया गया है -

(अ) 1947 में (ब) 1956 में

(स) 1951 में (द) 1932 में

(V) साझेदारी संलेख के अभाव में साझेदारी के लाभों का वितरण साझेदारों में किया जाता है -

(अ) पूँजी के अनुपात में (ब) व्यवसाय संचालन में साझेदारों द्वारा दिये गये समय के अनुपात में

(स) समान अनुपात में (द) साझेदारों की प्रबंन्ध दक्षता के अनुपात में

(VI) यदि साझेदार के आहरण की तिथियाँ नहीं दी गई हो तो आहरण पर ब्याज की गणना की अवधि होती है-

(अ) 6 माह (ब) $5\frac{1}{2}$ माह

(स) $6\frac{1}{2}$ माह (द) 12 माह

(VII) साझेदारों के मध्य लाभ के बँटवारे के लिये बनाया जाता है-

(अ) लाभ-हानि खाता (ब) लाभ-हानि समायोजन खाता

(स) साझेदारों के चालू खाते (द) लाभ-हानि वितरण खाता

(VIII) आहरण पर ब्याज है-

(अ) फर्म की हानि (ब) साझेदारों की आय

(स) फर्म की आय (द) उपर्युक्त में कोई नहीं

(IX) साझेदारी समझौते के अभाव में पूँजी पर ब्याज दिया जाता है-

(अ) 10% वार्षिक (ब) 9% वार्षिक

(स) 6% वार्षिक (द) किसी भी दर से नहीं

(X) साझेदारी संलेख के अभाव में लाभ विभाजन होता है-

(अ) पूँजी के अनुपात में (ब) त्याग अनुपात में

(स) समान अनुपात में (द) आय प्राप्ति अनुपात में

प्रश्न 2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये –

(I) साझेदारी उन व्यक्तियों के बीच एक .....है, जिन्होनें किसी व्यवसाय के लाभों को बाँटने का ठहराव किया है।

(II) परिवर्तनशील पूँजी पद्धति में साझेदारों के.....खाते नहीं बनाये जाते हैं।

(III) साझेदारी के लिए..... का विभाजन अनिवार्य नहीं है।

(IV) साझेदार द्वारा लाई गई अतिरिक्त पूँजी पर ब्याज..... की दर से देय होता है ।

(V) साझेदारी व्यवसाय में भारतीय साझेदारी अधिनियम .....लागू होता है।

(VI) स्थायी पूँजी खाते की दशा में साझेदारों के वेतन, कमीशन आहरण आदि का लेखा ..... में किया जाता है।

(VII) परिवर्तनशील पूँजी पद्धति में पूंजी का अंतिम शेष प्रतिवर्ष ..... रहता है।

(VIII) साझेदारों के मध्य लाभ के विभाजन के लिए ..... खाता बनाया जाता है।

(IX) साझेदारी का जन्म ..... से होता है।

(X) साझेदारी व्यवसाय में साझेदारों का दयित्व ..... होता है।

प्रश्न 3. सही जोड़ियाँ बनाइये –

	'अ'	'ब'
(I)	साझेदारी संलेख के अभाव में	(अ) केवल व्यक्ति की
(II)	साझेदार बन सकते है	(ब) अनिवार्य

(III)	प्रत्येक साझेदार में	(स) फर्म को लाभ हुआ हो
(IV)	साझेदारी में लाभों का बाँटना	(द) संयुक्त तथा पृथक-पृथक दोनों प्रकार का होता है
(V)	स्थिर पूँजी की दशा में साझेदारों के चालू खाते में लेखा किया जाता है	(ई) एजेन्ट होता है
(VI)	पूंजी पर ब्याज तभी दिया जाता है जब	(फ) परिवर्तनशील पूंजी पद्धति में बनाये जाते है
(VII)	प्रत्येक साझेदार का दायित्व	(ज) साझेदारों के वेतन, बोनस, कमीशन, लाभ, ब्याज, आहरण आदि का
(VIII)	प्रत्येक साझेदार फर्म का	(ण) अनुबंध करने की क्षमता होना अनिवार्य है
(IX)	साझेदारों के चालू खाते	(त) भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932 के प्रावधान लागू होते हैं

प्रश्न 4. सत्य / असत्य छांटिए-

(I) व्यक्तियों के समुदाय, संस्था या संघ साझेदार बन सकते हैं।
(II) साझेदारी में पूँजी लगाना अनिवार्य शर्त होती है।
(III) प्रत्येक साझेदार में अनुबंध करने की क्षमता होनी चाहिये।
(IV) अवयस्क को फर्म के लाभों में शामिल किया जा सकता है।
(V) साझेदारी संलेख के अभाव में भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 के प्रावधान लागू होते हैं।
(VI) साझेदारी व्यवसाय का संचालन सभी साझेदार कर सकते है।
(VII) लाभों को बाँटना साझेदारी में अनिवार्य नहीं है।
(VIII) परिवर्तनशील पूँजी पद्धति में चालू खाते नहीं बनाये जाते हैं।
(IX) लाभ-हानि नियोजन खाता साझेदारों की लाभ-हानि की अन्तिम राशि का हिसाब रखने के लिये बनाया जाता है।
(X) साझेदारों के आहरण पर ब्याज का लेखा रोकड़ खातें में किया जाता है।

प्रश्न 5. एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर लिखिए –

(I) परिवर्तनशील पूँजी पद्धति की दशा में साझेदारों से संबंधित सभी व्यवहारों का लेखा किस खातें में किया जाता है?
(II) साझेदारी संलेख की अनुपस्थिति में किस अधिनियम के प्रावधान लागू होते हैं ?
(III) साझेदारों के चालू खाते कब बनाये जाते हैं?
(IV) फर्म द्वारा साझेदारों की पूँजी पर ब्याज कब दिया जा सकता है?
(V) फर्म में कौन साझेदार हो सकता है ?
(VI) फर्म के व्यवसाय के संचालन में कौन भाग ले सकता है ?
(VII) क्या बिना पूँजी लगाये भी कोई व्यक्ति फर्म में साझेदार बन सकता हैं ?
(VIII) A ने B को गारण्टी दी है कि उसे न्यूनतम ₹ 25,000 का लाभ प्राप्त होगा, इसे क्या कहते हैं?
(IX) xतथा y बिना समझौते के साझेदार हैं, y द्वारा फर्म को ₹18000 का ऋण दिया जाता है। y को किस दर से ऋण पर ब्याज प्राप्त होगा।
(X) वे व्यक्ति जो एक-दूसरे के साथ साझेदारी में सम्मिलित हुए हैं, सामूहिक रूप से क्या कहलाते हैं ?

अति लघुउत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 30) प्रत्येक प्रश्न 2 अंक

1. साझेदारी अधिनियम, 1932 के अनुसार साझेदारी की परिभाषा दीजिये।
2. फर्म से क्या आशय है?
3. साझेदारी संलेख से क्या आशय है?
4. विभाजन योग्य लाभ का आशय बताइए।
5. परिवर्तनशील पूँजी और स्थायी पूँजी का अर्थ समझाइए।
6. लाभ-हानि वितरण (नियोजन) खाता क्या है? संक्षेप में बताइए।
7. लाभ की गारण्टी से क्या आशय है ?
8. आहरण पर ब्याज की गणना की विधियों को समझाइए।
9. यदि कोई साझेदार प्रत्येक माह के प्रथम दिन ₹1500 वर्ष भर आहरित करता है तो 10% वार्षिक दर से वर्ष का आहरण पर ब्याज ज्ञात कीजिए।
10. यदि कोई साझेदार प्रत्येक माह के अंतिम दिन ₹1000 वर्ष भर आहरित करता है तो 10% वार्षिक दर से वर्ष का आहरण पर ब्याज ज्ञात कीजिए।
11. एक साझेदार ने ₹1000 प्रति माह के मध्य में वर्ष भर आहरित किए। 12% वार्षिक दर से आहरण पर ब्याज ज्ञात कीजिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 120) प्रत्येक प्रश्न 4 अंक

1. लाभ-हानि नियोजन खाता बनाने के क्या उद्देश्य हैं ?
2. साझेदारी की विशेषताओं को समझाइए ।
3. साझेदारी संलेख में उल्लखित बिन्दुओं को समझाइए ।
4. साझेदारी संलेख के अभाव में लागू होने वाले नियमों को समझाइए।
5. साझेदार के अधिकार समझाइए ।
6. परिवर्तनशील पूँजी और स्थायी पूँजी में अंतर समझाइए ।
7. A और ब एक फर्म में साझेदार है, जिनकी पूंजी क्रमांकः ₹5,00,000 और ₹ 8,00,000 हैं। इनके बीच साझेदारी समझौता नहीं हुआ है। 31मार्च 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष में ₹1,80,000 का लाभ हुआ B पूँजी पर 5% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज हेतु दावा करता है, जबकि A इसके पक्ष में नहीं हैं लाभ-हानि वितरण खाता बनाकर साझेदारों के मध्य लाभ का विभाजन कीजिए।
8. अर्चना और अंकिता एक फर्म में साझेदार है, जिनकी पूंजी क्रमशः ₹5,00,000 और ₹7,00,000 हैं। साझेदारी समझौते में 5% वार्षिक की दर से विनियोजन के रूप में पूंजी पर ब्याज देने का प्रावधान है। 31 मार्च 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष में फर्म को ₹30,000 की हानि हुई। लाभ-हानि विभाजन अनुपात 2:3 है। हानि के विभाजन के लिए आवश्यक खाता दर्शाइए ।
9. A,B और C एक फर्म में साझेदार हैं उनकी पूंजी 1 जनवरी 2018 को क्रमाशः ₹80,000 , ₹40,000 और ₹20,000 थी। A को ₹25000 वेतन दिया गया। पूंजी पर ब्याज की दर 10% प्रतिवर्ष है। ब्याज देने के बाद लाभ का विभाजन निम्नांकित रूप में किया जाता है-
   प्रथम ₹50,000, 3:3:4 के अनुपात में, अगले ₹40,000, 4:4:2 के अनुपात में, शेष लाभ 6:3:1 के अनुपात में 2018 वर्ष में ब्याज देने के पूर्व परन्तु काटने के बाद फर्म का लाभ ₹1,99,000 था। लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइए।
10. x और y क्रमशः 3:2 के अनुपात में साझेदार हैं जिनकी पूंजी क्रमशः ₹50,000 तथा ₹30,000 रू. है। पूंजी पर ब्याज 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से देय है। y को ₹2,500 वार्षिक वेतन देय है। वर्ष 2017 में y का वेतन देने के पूर्व ₹12,500 का लाभ था। मैनेजर के कमीशन हेतु लाभ का 5% आयोजन करना है। साझेदारों में लाभ का वितरण दर्शाइए तथा उनके पूंजी खाते बनाइए।

11. x और y एक फर्म में साझेदार हैं। 31 मार्च2018 को समाप्त होने वाले वर्ष में उन्होंने ₹1,60,000 लाभ अर्जित किया। साझेदारी समझौते के अनुसार फर्म के लाभ पर विभाजन निम्नानुसार किया जाएगा-
पूंजी पर 6% वार्षिक से ब्याज दिया जाएगा। x की पूंजी पर ब्याज ₹8000 और y की पूंजी पर ब्याज ₹7500 हैं। x को ₹12000 वार्षिक वेतन दिया जाएगा। आहरण पर 5% वार्षिक ब्याज लगाया जाएगा। आहरण पर ब्याज x-₹1200 तथा y -₹2000 है। साझेदारों के बीच लाभ-हानि का विभाजन 3:2 में किया जाएगा।

12. राजेश, सुनील और तरूण साझेदार हैं, जो क्रमशः $\frac{1}{2}:\frac{1}{4}:\frac{1}{4}$ में लाभ बांटते है। उनकी पूंजी क्रमशः ₹1,20,000 , ₹80,000 और ₹60,000 है। साझेदारों को पूंजी पर 5% ब्याज दिया जाता है और आहरण पर 5% ब्याज लिया जाता है तरूण 30,000 रूपये वार्षिक वेतन पाने का अधिकारी है और सुनील कुल ब्रिकी पर 1% कमीशन पाता है। वर्ष 2018 में सार्थ का त्याग, उपरोक्त समायोजनाओं के पूर्व ₹1,15,000 था और कुल विक्रय ₹14,00,000 था। उनके आहरण क्रमशः ₹40,000, ₹56,000 और ₹60,000 थे। जिन पर क्रमशः ₹800, ₹1000 और ₹1200 ब्याज हुआ। लाभ-हानि वितरण खाता बनाइए।

13. सलोनी, सम्रद्धि और सौम्या एक फर्म मे साझेदार हैं, जो लाभ-हानि 4:3:2 के अनुपात में बांटते है। सम्रद्धि को ₹3,000 मासिक वेतन दिया जाता है और सौम्या कुल बिक्री पर जो ₹18,00,000 है, 3% की दर से कमीशन पाता है फर्म ने वर्ष 2018 में बिक्री पर 15% लाभ अर्जित किया है। साझेदारों में लाभ विभाजन के लिए पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

14. 1 जनवरी 2018 को 'अ' और 'ब' क्रमशः ₹1,00,000 और ₹1,20,000 की पूंजी लगाकर साझेदार है। उसी दिन 'अ' ने फर्म को ₹45,000 का ऋण दिया है। उस वर्ष का लाभ ₹45,000 है। साझेदारी समझौते के अभाव में लाभ साझेदारों में लाभ का विभाजन किस प्रकार करेंगे? लाभ-हानि वितरण खाता बनाइए।

15. महेश और रमेश 5:3 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हुए एक फर्म में साझेदार हैं । उनकी पूंजी क्रमशः ₹3,00,000 एवं ₹2,00,000 थी। साझेदारी संलेख में व्यवस्था है कि-

(अ) पूंजी पर ब्याज 12% वार्षिक की से मिलना चाहिए। (ब) रमेश को शुद्ध लाभ का 5% कमीशन मिलना चाहिए। वर्ष का लाभ ₹1,23,000 था। लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइए।

16. राम और कृष्ण एक फर्म में 3:2 के अनुपात में लाभालाभ विभाजित करने वाले साझेदार हैं। उन्होंने अपने मुनीम शिव को जो ₹500 मासिक वेतन पाता है, इस शर्त पर साझेदार बनाया कि उसे लाभ में $\frac{1}{10}$ भाग दिया जाएगा, किन्तु किसी भी वर्ष लाभ की राशि उसके वेतन से कम नहीं होगी। प्रथम वर्ष में फर्म को ₹50,000 का लाभ हुआ। साझेदारों में लाभ का विभाजन दर्शाइए।

17. A, B और C साझेदार हैं। उनकी पूंजी 1 जनवरी 2018 को क्रमशः ₹40,000 , ₹32,000 तथा ₹20,000 है। B को ₹750 मासिक वेतन दिया जाएगा। पूंजी पर 6% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज देय है। लाभ में से वेतन तथा ब्याज काटने के बाद शेष लाभ निम्न प्रकार से बाँटा जाएगा-

(1) प्रथम ₹20,000, 9:8:3 के अनुपात में। (2) अगले ₹10,000 , 4:3:3 के अनुपात में।

(3) शेष लाभ 2:1:1 के अनुपात में।

उपयुक्त समायोजन के पूर्व फर्म का लाभ ₹46,920 था। लाभ हानि वितरण खाता और साझेदारों के मध्य लाभ-विभाजन दर्शाने वाला विवरण बनाइए।

18. अजित, अमित और अदिल एक फर्म में 5:3:2 में लाभ विभाजित करने वाले साझेदार हैं। अजित और अदिल को व्यक्तिगत रूप से गारण्टी दी है कि उसका लाभ पूंजी पर 10% वर्षिक ब्याज लगाने के पश्चात ₹22,500 से कम नहीं होगा। साझेदारों की पूंजी क्रमशः ₹1,20,000,₹75,000 एवं ₹60,000 थी। वर्ष 2018 में लाभ पूंजी पर ब्याज काटने के पूर्व ₹1,19,250 था। लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइए।

19. आर्य और समर्थ 5:3 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हुए एक फर्म में साझेदार है। उनकी पूंजी क्रमशः ₹3,00,000 एवं ₹2,00,000 थी। साझेदारी संलेख में व्यवस्था है कि -

(अ) पूंजी पर 12% वार्षिक की दर से ब्याज मिलना चाहिए।

(ब) समर्थ को शुद्ध लाभ पर 5% कमीशन मिलना चाहिए। वर्ष का शुद्ध लाभ ₹1,23,000 था। लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइए।

---****---

भाग -1 इकाई- 3

साझेदारी फर्म का पुनर्गठन–साझेदार का प्रवेश

मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश, भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार सत्र 2022-2023 में इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 12 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है –

A- साझेदारी फर्म का पुनर्गठन

अंकवार प्रश्नों की संख्या				कुल अंक
वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक)	अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक)	लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक)	विश्लेष्णात्मक प्रश्न (4 अंक)	
3	.	1	.	6

B - साझेदार का प्रवेश

अंकवार प्रश्नों की संख्या				कुल अंक
वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक)	अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक)	लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक)	विश्लेष्णात्मक प्रश्न (4 अंक)	
3	.	1	.	6

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिये-

(I) ख्याति है-

(अ) एक चल सम्पत्ति (ब) एक स्थाई सम्पत्ति

(स) एक मूर्त सम्पत्ति (द) एक कृत्रिम सम्पत्ति

(II) फर्म के पुनर्गठन पर जिस साझेदार के लाभ का भाग पूर्व की तुलना में बढ़ जाता है उसे कहते हैं-

(अ) प्रभावपूर्ण साझेदार (ब) नफे वाला साझेदार

(स) त्याग करने वाला साझेदार (द) मुख्य साझेदार

(III) पुनर्मूल्यांकन खाते की हानि लिखी जाती है-

(अ) चालू खाते के क्रेडिट पक्ष में (ब) पूंजी खाता के क्रेडिट पक्ष में

(स) पूंजी खाते के डेबिट पक्ष में (द) रोकड़ खाते के डेबिट पक्ष में

(IV) पुनर्मूल्यांकन का लाभ/हानि बांटा जाता है–

(अ) नए लाभ हानि अनुपात में (ब) प्राप्ति अनुपात में

(स) पुराने लाभ हानि अनुपात में (द) त्याग अनुपात में

(V) नये साझेदार द्वारा ख्याति का भुगतान किया जाता है–

(अ) भावी लाभ में हिस्सा पाने के लिए (ब) पूंजी के भुगतान के लिए

(स) प्रवेश शुल्क भुगतान के लिए (द) सम्पत्तियों पर अधिकार के लिए

(VI) वास्तविक औसत लाभ का सामान्य लाभ पर आधिक्य है–

(अ) सामान्य लाभ (ब) असामान्य लाभ

(स) अधिलाभ (द) सम्भावित लाभ

(VII) जब ख्याति की राशि नगद नहीं लाई जाती है, तो इसे डेबिट किया जाएगा–

(अ) पुराने साझेदार के पूंजी खाते में (ब) नये साझेदार के पूंजी खाते में

(स) सभी साझेदारों के पूंजी खाते में (द) फर्म के रोकड़ खाते में

(VIII) साझेदारों के लाभानुपात में परिवर्तन पर संचितियों का विभाजन होता है–

(अ) पूर्व अनुपात में (ब) समान अनुपात में

(स) नये अनुपात में (द) पूंजी अनुपात में

(IX) विद्यमान साझेदारों के लाभानुपात में परिवर्तन का परिणाम है–

(अ) सभी साझेदारों के लाभानुपात में कमी (ब) सभी साझेदारों के लाभानुपात में वृद्धि

(स) त्यागी साझेदार के लाभानुपात में कमी (द) त्यागी साझेदार के लाभानुपात में वृद्धि

(X) पुनर्मूल्यांकन खाता बनाया जाता है–

(अ) व्यवसाय बंद होने पर (ब) नए साझेदार के प्रवेश पर

(स) फर्म में लाभ होने पर (द) फर्म में हानि होने पर

(XI) अवितरित लाभों वह संचयों को हस्तांतरित किया जाता है–

(अ) रोकड़ खाते में (ब) बैंक खाते में

(स) पूंजी खाते में (द) लाभ/हानि खाते में

(XII) साझेदार के प्रवेश पर पुनर्मूल्यांकन से हुए लाभ को अंतरित किया जाता है-

(अ) लाभ हानि खाते में (ब) सभी साझेदारों के पूंजी खाते में

(स) नए साझेदार के पूंजी खाते में (द) पुराने साझेदारों के पूंजी खाते में

प्रश्न 2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये –

(I) ख्याति व्यापार की _____ सम्पत्ति है।
(II) ख्याति लाभ कमाने में _____ होती है।
(III) ख्याति पर _____ नहीं लगाया जाता है।
(IV) ख्याति का वास्तविक मूल्य व्यवसाय के _____ के समय ही ज्ञात हो सकता है।
(V) औसत लाभ – सामान्य लाभ = _____लाभ ।
(VI) सामान्य लाभ की गणना___पूंजी पर की जाती है।
(VII) साझेदारी ठहराव में परिवर्तन साझेदारी फर्म का _____कहलाता है।
(VIII)_____ = पुराना अनुपात – नया अनुपात ।
(IX) नया अनुपात – पुराना अनुपात = _____ ।
(X) पुनर्मूल्यांकन पर होने वाले लाभ/हानि से_____साझेदार का कोई संबंध नहीं होता है।
(XI) दायित्व में कमी फर्म का _____ होता है।
(XII) त्याग अनुपात_____के बराबर होता है।

प्रश्न 3. सही जोड़ियाँ बनाइये –

A

'अ'	**'ब'**
(I) ख्याति एक	(अ) पूंजी खाते के डेबिट पक्ष में
(II) पुनर्मूल्यांकन की हानि	(ब) लेखांकन प्रमाप- 26
(III) फर्म का पुनर्गठन	(स) पूंजी खाते के क्रेडिट पक्ष में
(IV) ख्याति का लेखांकन	(द) विक्रय योग सम्पत्ति है
(V) पुनर्मूल्यांकन पर लाभ	(ई) अमूर्त सम्पत्ति है
(VI) ख्याति एक	(फ) साझेदारी ठहराव में परिवर्तन

B

'अ'	**'ब'**
(I) त्याग अनुपात बराबर	(अ) पुनर्मूल्यांकन खाता डेबिट
(II) सामान्य लाभ	(ब) नए साझेदार के प्रवेश पर
(III) संपत्ति के मूल्य में वृद्धि	(स) ख्याति का मूल्यांकन
(IV) दायित्व के मूल्य में वृद्धि	(द) लाभ प्राप्ति अनुपात
(V) पुनर्मूल्यांकन खाता	(ई) विनियोजित पूंजी पर
(VI) औसत लाभ	(फ) पुनर्मूल्यांकन खाता क्रेडिट

प्रश्न 4. सत्य / असत्य छांटिए-

(I) ख्याति को प्रत्येक दशा में पुस्तकों में दर्शाया जाना चाहिए।
(II) ख्याति पर ह्रास नहीं लगाया जाता है।
(III) त्याग के अनुपात की दशा में साझेदार को पूर्व की तुलना में लाभ होता है।
(IV) एक अच्छी फर्म ख्याति को अपलिखित कर देती है।
(V) लाभार्जन में परिवर्तन का ख्याति के मूल्य पर प्रभाव नहीं पड़ता है।
(VI) पुनर्गठन की दशा में विद्यमान ठहराव में परिवर्तन हो जाता है।
(VII) पुनर्मूल्यांकन खाता सम्पत्ति के विक्रय पर बनाया जाता है।
(VIII) पुनर्मूल्यांकन खाता एक वास्तविक खाता है।
(IX) नये साझेदार का प्रवेश फर्म के पुनर्गठन को प्रभावित करेगा।
(X) साझेदारों के सहमत होने पर ख्याति का मूल्यांकन किया जाता है।
(XI) त्याग अनुपात लाभ प्राप्ति अनुपात से अधिक होता है।
(XII) लाभ में हिस्सा पाना नए साझेदार का प्रमुख अधिकार है।

प्रश्न 5. एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर लिखिए –

(i) जब पुराना अनुपात नये अनुपात की तुलना में अधिक हो तो उसे क्या कहते हैं?
(ii) जब ख्याति की राशि नगद लाई जाती है तो उसे किस खाते में जमा(क्रेडिट) करते हैं।
(iii) लेखांकन प्रमाप-26 किस से संबंधित है?
(iv) ख्याति मूल्यवान सम्पत्ति कब कही जाती है?
(v) ख्याति के मूल्यांकन का आधार क्या है?
(vi) कौन सी ख्याति का लेखा पुस्तकों में नहीं किया जाता?
(vii) वास्तविक औसत लाभ का सामान्य लाभ पर आधिक्य क्या कहलाता है?
(viii) जिस सम्पत्ति को देखा या स्पर्श नहीं किया जा सकता उसे क्या कहते हैं?
(ix) फर्म की सम्पत्तियों एवं दायित्वों के मूल्य में परिवर्तन का लेखा किस खाते में किया जाता है।
(x) पुनर्मूल्यांकन खाता किस प्रकृति का खाता है?
(xi) त्याग अनुपात की गणना क्यों आवश्यक है?
(xii) दायित्व का मूल्य कम होने पर इसे पुनर्मूल्यांकन खाते के किस पक्ष में लिखा जाएगा।

लघुउत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 75) प्रत्येक प्रश्न 3 अंक

1. नए साझेदार के प्रमुख अधिकारों को समझाइए।
2. साझेदारों के लाभानुपात में परिवर्तन का क्या अर्थ है?
3. ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता क्यों है? समझाइए।
4. नए साझेदार की वैधानिक स्थिति को समझाइए।
5. एक फर्म का औसत शुद्ध लाभ ₹60000 है। औसत लाभ के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर ख्याति का मूल्य क्या होगा?
6. रानू ,भानू और शानू समान अनुपात में साझेदार हैं। वे भविष्य में लाभ/हानि 3 : 2 : 1 के अनुपात में बांटने का निर्णय करते हैं। लाभ प्राप्ति और त्याग अनुपात की गणना कीजिए।
7. ख्याति की विशेषताएं लिखिए।

8. ख्याति की प्रकृति को समझाइए।
9. सामान्य लाभ और अधिलाभ में अंतर लिखिए।
10. त्याग अनुपात और लाभ अनुपात में अन्तर बताइए।
11. पुनर्मूल्यांकन हेतु की जाने वाली आवश्यक नकल प्रविष्टियां कीजिए।
12. ख्याति उत्पन्न होने के कारण लिखिए। / ख्याति को प्रभावित करने वाले तत्व लिखिए।
13. ख्याति मूल्यांकन की विधियों को समझाइए।
14. औसत लाभ और अधिलाभ में अंतर लिखिए।
15. साझेदारी फर्म का पुनर्गठन किन दशाओं में होता है? समझाइए।
16. त्याग अनुपात और लाभ प्राप्ति अनुपात में अंतर लिखिए।
17. साझेदारी फर्म में ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता को समझाइए। / किन दशाओं में ख्याति का मूल्यांकन किया जाता है।
18. लेखांकन प्रमाप 26 के अनुसार ख्याति के लेखांकन की विधि का वर्णन कीजिए।
19. साझेदारी फर्म में नए साझेदार की आवश्यकता किन दशाओं में होती है? समझाइए ।
20. अभिषेक और अभिनव एक फर्म में बराबर के साझेदार हैं। उन्होंने अरविंद को 1/3 भाग के लिए साझेदार बनाया, जो पूंजी के ₹40000 देता है किन्तु अपने हिस्से की ₹12000 ख्याति लाने में असमर्थ है। अरविंद के प्रवेश पर आवश्यक नकल प्रविष्टियां कीजिए।
21. अ और ब 3 :1 के अनुपात में लाभ-हानि बांटते हैं। वे 'स' को 1/4 भाग के लिए साझेदारी में प्रवेश देते हैं। उनके लाभ/हानि विभाजन का नया अनुपात ज्ञात कीजिए।
22. अजय तथा विजय 3 : 2 के अनुपात में लाभ बांटते हैं। उन्होंने संजय को 1/5 भाग का साझेदार बनाया, जो अपना हिस्सा अजय तथा विजय से बराबर प्राप्त करता है। नया अनुपात ज्ञात कीजिए।
23. सचिन और विराट 2:1 के अनुपात में साझेदार हैं। उनकी पूंजी क्रमश: ₹40000 एवं ₹20000 है उन्होंने 1 जनवरी 2021 को धोनी को 1/4 भाग के लिए साझेदार बनाया जिसे वह सचिन और विराट से 3:2 के अनुपात में प्राप्त करता है। धोनी ₹30000 पूंजी तथा ₹15000 ख्याति के लिए लाता है। आवश्यक नकल प्रविष्टियां कीजिए।
24. मोनू और सोनू 2:1 के अनुपात में साझेदार हैं। फर्म की सम्पत्ति और दायित्व हैं-देनदार ₹2000, स्कंध ₹5000, भवन ₹8000 और लेनदार ₹8000। टीनू के प्रवेश पर निश्चित हुआ कि भवन के मूल्य में ₹1100 की वृद्धि की जाए देनदारों पर 3% डूबत ऋण संचिति की जाए लेनदारों पर 2% कटौती का प्रावधान किया जाए। स्कंध का मूल्य ₹5800 आंका गया। पुनर्मूल्यांकन खाता बनाइए।
25. लव और कुश एक फर्म में साझेदार हैं जो लाभ/हानि को 3:2 के अनुपात में बांटते हैं वे भविष्य में लाभ/हानि को समान अनुपात में बांटने का निश्चय करते हैं इस उद्देश्य हेतु ख्याति का मूल्यांकन ₹1,20,000 किया गया। उपरोक्त व्यवस्था के लिए आवश्यक नकल प्रविष्टि कीजिए।
26. अमर अकबर और एंथोनी एक फर्म में साझेदार हैं जो लाभ/हानि को 4:3:1 के अनुपात में बांटते हैं। 1 अप्रैल 2021 को उन्होंने लाभ हानि को 5:4:3 के अनुपात में बांटने का निर्णय लिया उस स्थिति को लाभ हानि खाते में ₹120000 व सामान्य संचय खाते में ₹60000 का शेष था । संचय एवं लाभ- हानि खाते को बन्द करने के बजाय समायोजन प्रविष्टि करने का निश्चय किया गया । आवश्यक नकल प्रविष्टि कीजिए।
27. अरुण और वरुण साझेदार है जिनकी पूंजी क्रमशः ₹8000 और ₹4000 है। वे तरुण को इस शर्त पर साझेदार बनाते हैं कि वो अपने भाग की ख्याति की प्रीमियम ₹1500 और अपने हिस्से की

यथेष्ट पूंजी नकद देगा जो समस्त साझेदारों की संयुक्त पूंजी की 1/3 होगी। तरुण की पूंजी ज्ञात कीजिए।

28. एक फर्म का औसत लाभ ₹66000 है और पूंजीकरण की दर 12% है। फर्म की विविध सम्पत्तियां और दायित्व क्रमशः ₹750000 व ₹350000 हैं। ख्याति की गणना कीजिए।
29. एक फर्म की पूंजी ₹600000 है, फर्म का औसत लाभ ₹60000 है ऐसे व्यापार पर 7.5% आय अपेक्षित है। अधिलाभ के पूंजीकरण मूल्य के आधार पर ख्याति का मूल्य ज्ञात कीजिए।
30. बसंत और विष्णु का निम्नलिखित चिट्ठा है-

दायित्व	राशि ₹ में	सम्पत्ति	राशि ₹ में
पूंजी–		भवन	25000
बसंत 12000		उपस्कर	4000
विष्णु 13000	25000	देनदार	12000
लेनदार	21000	बैंक शेष	15000
देय विपत्र	15000	रोकड़	5000
	61000		61000

निम्न शर्तों पर उन्होंने विवेक को साझेदारी में प्रवेश दिया

(i) विवेक 1/4 भाग के लिए ₹15000 पूंजी के लाएगा

(ii) ख्याति का मूल्यांकन ₹14000 किया गया

(iii) देनदार पर 5% संचिति का निर्माण किया जाएगा

(iv) भवन एवं उपस्कर पर 5% ह्रास काटा जाएगा

पुनर्मूल्यांकन खाता एवं साझेदारों का पूंजी खाता बनाइए।

___**___**

भाग 1 – इकाई-4

साझेदार की निवृत्ति एवं मृत्यु

मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश, भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार सत्र 2022-2023 में इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 8 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है –

अंकवार प्रश्नों की संख्या				कुल अंक
वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक)	अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक)	लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक)	विश्लेष्णात्मक प्रश्न (4 अंक)	
2	1	-	1	8

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिये–

(I) नये अनुपात में से पुराना अनुपात घटाने पर प्राप्त अनुपात कहलाता है–

(अ) त्याग अनुपात (ब) समान अनुपात

(स) लाभ का अनुपात (स) हानि अनुपात

(II) मृत साझेदार के उत्तराधिकारी को देय राशि का भुगतान न करने पर कितनी वार्षिक दर से ब्याज देना पड़ता है-

(अ) 10 प्रतिशत (ब) 6 प्रतिशत

(स) 5 प्रतिशत (द) 8 प्रतिशत

(III) साझेदार की निवृत्ति के कारण है–

(अ) साझेदार की वृद्धावस्था (ब) साझेदार का दिवालिया हो जाना

(स) परस्पर मतभेद हो जाना (द) उपरोक्त सभी

(IV) आन्तरिक कोष इनमें से नहीं है-

(अ) सामान्य संचय (ब) पूँजी संचय

(स) कर्मचारी दुर्घटना कोष (द) कर्मचारियों का बचत खाता

(V) अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को पाने का अधिकार होता है-

(अ) ख्याती का भाग का भाग (ब) अविभाजित लाभ में हिस्सा

(स) पूँजी पर ब्याज (द) उपरोक्त सभी

(VI) अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को उसकी देय राशि के भुगतान की विधि है–

(अ) एक (ब) दो

(स) तीन (द) चार

(VII) मृत साझेदार के उत्तराधिकारी को देय राशि का भुगतान कौन सी विधि द्वारा नहीं किया जा सकता है–

(अ) एक मुश्त (ब) किश्तो में

(स) वार्षिक वृत्ति (द) देय राशि के विपत्र स्वीकार करना

(VIII) मृत साझेदार के पूंजी खाते में नाम नहीं की जाती है–

(अ) आहरण की राशि (ब) चालू खाते का नाम शेष

(स) आहरण पर ब्याज की राशि (द) संचय का भाग

(IX) संचय की सम्पूर्ण राशि को वितरित करने पर-

(अ) संचय खाते को Dr. (ब) संचय खाते को Cr.

(स) साझेदारो के पूँजी खाते को Dr. (द) उपरोक्त कोई नहीं

(X) विद्यमान ख्याति को अपलिखित करना है-

(अ) समस्त साझेदारों के पूँजी खाते नामे (ब) समस्त साझेदारों के पूँजी खाते को जमा

(स) ख्याति को नामे (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

(XI) देय राशि का किश्तों में भुगतान पर कौन सा खाता खोला जाता -

(अ) साझेदार का ऋण खाता (ब) साझेदार का पूँजी खाता

(स) साझेदार का पूँजी खाता (द) उपरोक्त सभी

(XII) मृत साझेदार को उत्तराधिकारी को देय राशि प्राप्त होती है-

(अ) मृत साझेदार की पूँजी (ब) उसके हिस्से की ख्याति

(स) उसके चालू खाते का जमा शेष (द) उपरोक्त सभी

(XIII) अविभाजित लाभ का विभाजन करते समय कौन सा खाता नाम किया जाता है

(अ) लाभ हानि खातों के नाम (ब) समस्त साझेदारों के पूँजी खाते नाम

(स) समस्त साझेदारों के चालू खाते नाम (द) उपरोक्त सभी

(XIV) अविभाजनीय कोष कौन सा होता है-

(अ) मूल्य ह्रास कोष (ब) पूँजी संचय कोष

(स) बीमा कोष (द) उच्चावचन कोष

(XV) अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को देय राशि का निर्धारण करने के लिए उसे प्राप्त होने वाली राशियाँ कौन से खाते में जमा की जाती है-

(अ) पूँजी खाते में (ब) चालू खाते में

(स) लाभ हानि खाते में (द) उपरोक्त से कोई नहीं

(XVI) समझौते के अनुसार अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को उसके ऋण पर ब्याज देने के स्थान पर लाभ का कुछ अंश दिया जाता है ऐस दशा में-

(अ) ब्याज की प्रविष्टि की जाती है (ब) ब्याज की प्रविष्टि नहीं की जाती है

(स) लाभांश की प्रविष्टि की जाती है (द) उपरोक्त से कोई नहीं

(XVII) अवकाश ग्रहण साझेदार को वार्षिक द्वारा भुगतान करने पर कौन सा खाता खोला जाता है-

(अ) वार्षिक उचंत खाता (ब) पूँजी खाता

(स) चालू खाता (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

(XVIII) समपर्ण मूल्य किसका हिस्सा होता है-

(अ) बीमित मूल्य का होता है (ब) बीमित मूल्य का हिस्सा नहीं होता है

(स) (अ) एवं (ब) (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

(XIX) A,B और C 4:3:1 के साझेदार है । B ने ₹8,100 में अपना भाग A और B को ₹3,600 और ₹4,500 में बेचकर अवकाश ग्रहण किया A और C का लाभ प्राप्ति का अनुपात होगा-

(अ) 5 : 4 (ब) 6 : 3

(स) 4 : 5 (द) 3 : 6

(XX) नन्दू , चन्दू और मंटू साझेदार हैं, जो 5 : 3: 2 के अनुपात में लाभ – हानि बाँटते हैं। नन्दू की मृत्यु हो जाने पर चन्दु और मन्टू उसके अनुपात का 1/3 और 2/3 लेने को सहमत हैं। उनका नया अनुपात होगा –

(अ) 7 : 8 (ब) 8 : 7

(स) 9 : 6 (द) 10 : 5

(XXI) X,Y तथा Z साझेदार है जो 1/2 : 1/4 : 1/4 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं। Y के अवकाश ग्रहण करने पर नया अनुपात होगा-

(अ) 1 : 1 (ब) 1 : 2

(स) 1/4 : 1/2 (द) 2:1

(XXII) A, B तथा C लाभ – हानि को 2 : 3 : 4 के अनुपात में बाँटते हुए साझेदार हैं। A अवकाश ग्रहण करता है तथा B औरC भविष्य में 3 : 4 के अनुपात में लाभ बाँटने हेतु सहमत हैं। उसका लाभ प्राप्ति अनुपात होगा –

(अ) 3 : 4 (ब) 2 : 3

(स) 4 : 3 (द) 1 : 1

प्रश्न 2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये –

(I) जीवन बीमा संचय कोष को .....के पूँजी खाते में हस्तांतरित करेंगे।

(II) नफे के अनुपात से शेष साझेदारो के अनुपात में .....होती है।

(III) अवकाश ग्रहण के समय पूर्नमूल्यांकन से होने वाली हानि सभी साझेदारो के पूँजी खाते के .....में लिखी जाती है।

(IV) साझेदार के अवकाश पर यदि ख्याति खाता खोला गया हो तो उसे अपलिखित करने के लिये शेष साझेदारों के पूँजी खाते.....अनुपात में .....किये जाएगें।

प्रश्न 3. सही जोड़ियाँ बनाइये –

	'अ'	**'ब'**
(I)	फर्म से अवकाश लेना	(अ) साझेदार की मृत्यु पर
(II)	पुराने अनुपात से नया अनुपात अधिक	(ब) मृत साझेदार का उत्तराधिकारी
(III)	संचिति की राशि का भाग	(स) निवर्तन
(IV)	कानूनी प्रतिनिधि को भुगतान	(द) लाभ प्राप्ति का अनुपात

प्रश्न 4. सत्य / असत्य छांटिए–

(I) A B और C क्रमश 3: 2: 1: के साझेदार है। B निवृत होता है। A तथा C का नया अनुपात 3: 2 होगा।

(II) नया अनुपात – पुराना अनुपात = लाभ प्राप्ति अनुपात।

(III) ऐच्छिक साझेदारी के अनुसार एक साझेदार शेष सभी साझेदारों की इच्छा से निवृत हो सकता है।

(IV) जब निवृत मान साझेदार को देय राशि वार्षिक द्वारा चुकायी जाती है तो उसका ऋण खाता रखा जाता है।

(V) संयुक्त जीवन बीमा पालिसी का समपर्ण मूल्य नहीं होता है।

(VI) ख्याति की राशि पर निवृत्त साझेदार का कोई अधिकार नहीं होता है।

(VII) लाभ प्राप्ति अनुपात = नया अनुपात – पुराना अनुपात।

प्रश्न 5. एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर लिखिए –

(I) नये और पुराने अनुपात का अन्तर क्या कहलाता है?

(II) जब एक साझेदार अपने को साझेदारी से अलग करता है तो ऐसी स्थिति जानी जाती है।
(III) मृत साझेदार की देय राशि का भुगतान किसे किया जाता है।
(IV) साझेदार की निवृत्त के किसी एक कारण को लिखिए।
(V) साझेदार को वार्षिक द्वारा भुगतान करने पर कौन सा खाता खोला जाता है।
(VI) साझेदार के निवृत होने पर हिसाब की कोई एक समस्या बताइये।
(VII) बीमित मूल्य क्या है?
(VIII) समर्पण मूल्य क्या है?
(IX) वार्षिक प्रीमियम क्या है?
(X) अविभाजनीय कोष क्या होता है?
(XI) नये चिट्ठे में कौन सा कोष नहीं दशार्या जावेगा?

अति लघुउत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 30) प्रत्येक प्रश्न 2 अंक

1. एक साझेदार के निवृत्त होने के दो कारण बताइये।
2. जब साझेदार अवकाश ग्रहण करता है तो हिसाब सम्बंधी दो समस्या बताइये।
3. निवृत्त साझेदार को देश राशि के भुगतान की दो पद्धति के नाम बताइये।
4. किन दशाओं में एक साझेदार फर्म से अलग हो सकता है।
5. संचय की सम्पूर्ण राशि को वितरित करने पर नकल प्रविष्टि कीजिए।
6. आन्तरिक कोष के दो मदें लिखिए।
7. वार्षिकी से क्या आशय है?
8. साझेदार की निवृत्ति पर ख्याति के लेखांकन हेतु नकल प्रविष्टि कीजिए।
9. स्वाति , पूजा और श्वेता 1/2 : 1/3 : 1/6 के अनुपात में लाभ – हानि बाँटते हैं। यदि श्वेता व्यापार से अलग होती है, तो स्वाति और पूजा का नया लाभानुपात क्या होगा?
10. A,B और C एक फर्म में साझेदार है और लाभ-हानि 1/2 : 3/10 : 1/5 के अनुपात में बॉटते है । A फर्म से अवकाश ग्रहण करता है और उसका हिस्सा B और C ने 2:1 के अनुपात में ले लिया । साझेदारों का नया लाभ विभाजन अनुपात निकालिए।
11. X,Y और Z एक फर्म में 1 / 2 : 1/ 3 : 1 / 6 के अनुपात में साझेदार हैं। Z व्यापार से अवकाश ग्रहण करता है और X तथा Y उसका लाभांश 3 : 2 में क्रय करते हैं। नया अनुपात ज्ञात कीजिए।
12. रमन , अमन और नमन एक फर्म में साझेदार है । उनके लाभलाभ अनुपात 4 : 3 : 2 है । 31 मार्च 2018 को अमन की मृत्यु हो जाती है। अमन की मृत्यु के पश्चात शेष साझेदारों के लाभलाभ अनुपात क्या होंगे?
13. जया , पायल और मल्लिका अपनी पूँजी के अनुपात में लाभालाभ विभाजन करने वाली साझेदार हैं। उनकी पूँजी क्रमशः ₹20,000, ₹15,000 और ₹10,000 थी। पायल व्यापार से निवृत होती है। जया और मल्लिका भविष्य में 5/8 और 3/8 के अनुपात में लाभ का विभाजन करेंगी । उनके लाभांश प्राप्ति के अनुपात की गणना कीजिए ।
14. X,Y और Z साझेदार है, जो कि लाभों को 4 : 3 : 1 के अनुपात में बाँटते हैं। Y की मृत्यु हो जाती है। X और Z भविष्य में लाभों को 2 : 1 के अनुपात में बाँटने का निश्चय करते हैं। लाभ प्राप्ति अनुपात की गणना कीजिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 120) प्रत्येक प्रश्न 4 अंक

1. साझेदार की मृत्यु की दशा में उसके वैधानिक उत्तराधिकारी को देय राशि की गणना करते समय किन-किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।
2. एक साझेदार के आवकाश ग्रहण पर ख्याति का लेखांकन उपचार समझाइये , जब ख्याति को नयी फर्म के स्थिति विवरण में नहीं दर्शाना है।
3. निवृत साझेदार को देय राशि के भुगतान की विधियों को समझाइये।
4. यदि किसी साझेदार की मृत्यु वर्ष के दौरान हो जाती है तो ऐसे साझेदार के हिस्से का लाभ कैसे ज्ञात करेंगे।
5. पारस, विकास और नितिन एक फर्म में 3: 2: 1 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । विकास 31 दिसम्बर, 2018 को अवकाश ग्रहण करता है। इस दिन साझेदारों के पूँजी खातों के शेष क्रमश : ₹6,000, ₹5,000 और ₹4,000 थे। ख्याति का मूल्य ₹4,500 आँका गया, जो पुस्तकों में नहीं दर्शायी जावेगी। पूनर्मूल्यांकन के आधार पर मशीन ₹1,200 तथा स्कन्ध ₹800 कम कर दिया गया। संदिग्ध ऋणों के लिए ₹280 संचित किये गये। लेनदारों की राशि ₹600 कम कर दी गई और पेटेन्ट, जिसका पुस्तकीय मूल्य ₹300 था, निर्मूल्य हो गया। लाभ – हानि समायोजन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते बनाइये।
6. अजय, अतुल व अनुराग एक फर्म में साझेदार हैं। वे अपने लाभ-हानि 1 : 2 : 3 के अनुपात में बाँटते हैं। 31 दिसम्बर, 2018 को उनका चिट्ठा इस प्रकार था –

चिट्ठा

दायित्व		**रकम** ₹	**सम्पत्तियाँ**	**रकम** ₹
पुँजी			भवन	60,000
अजय	24,000		फर्नीचर	16,000
अतुल	20,000		देनदार	20,000
अनुराग	16,000	60,000	रोकड़	4,000
सामान्य संचय		18,000		
लेनदार		22,000		
		1,00,000		1,00,000

अनुराग ने 1 जनवरी , 2019 को अवकाश ग्रहण किया । फर्म की ख्याति ₹30,000 आँकी गई। अनुराग को दी जाने वाली राशि उसके ऋण खातेमें हस्तांतरित कीजिए। उक्त विवरण से साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए।

7. एक फर्म में X,Y और Z बराबर के साझेदार हैं। 31 दिसम्बर 2014 को Y की मृत्यु हो गई है। इस तिथि पर उसे ₹20,000 देय थे। यह निर्णय लिया गया कि यह राशि ₹5,000 की वार्षिकी द्वारा Y की विधवा पत्नी को भुगतान की जायेगी । प्रथम भुगतान 1 जनवरी, 2015को दिया गया तथा प्रतिवर्ष अन्य भुगतान भी 1 जनवरी को किये गये। जिस उत्तराधिकारी को यह राशि मिलनी

थी, 2 जनवरी 2017 को उसकी मृत्यु हो गई। प्रतिवर्ष अदत्त राशि पर 6 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज की गणना की जाती है। वार्षिकी निलम्बित खाता बनाइए।

8. किन दशाओं में एक साझेदार फर्म से अवकाश ग्रहण कर सकता है?

9. निवृत्ति के पश्चात पूँजी खाते के समायोजन को समझाइये।

10. फर्म से निवृत्त होने वाले साझेदार को दी जाने राशि की गणना किस प्रकार की जाती है?

11. अ ,ब और स साझेदार हैं, जो लाभों को 2 : 3 : 5 के अनुपात में बॉटते है। उनकी पुस्तकों में पहले से ही ₹1,00,000 से एक ख्याति खाता विद्यमान है। ब अवकाश ग्रहण करता है और ब के अवकाश ग्रहण करने के दिन ख्याति का मूल्यांकन ₹90,000 पर किया गया। अ और स ने भविष्य में लाभ समान अनुपात में बाँटने का निर्णय किया । आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

12. रवि, सोम और मंगल 2:3:5 के अनुपात में लाभ-हानि बांटते हैं। उनका चिट्ठा 31 दिसम्बर 2018 को निम्नांकित है –

चिट्ठा

दायित्व	रकम ₹	सम्पत्तियां	रकम ₹
सामान्य संचय	18,000	भवन	40,000
लेनदार	12,000	फर्नीचर	20,000
पूंजी		देनदार	15,000
रवि 20,000		रोकड़	9,000
सोम 18,000			
मंगल 16,000	54,000		
	84,000		**84,000**

1 जनवरी, 2019 को मंगल अवकाश ग्रहण करता है। निम्नांकित को ध्यान में रखकर लाभ-हानि समायोजन खाता बनाइए- (1) भवन व फर्नीचर में 5% वृद्धि, (2) देनदारों पर पर 10% अशोध्य ऋण संचय, (3) लेनदारों पर 5% कटौती, (4) वैधानिक व्यय हेतु प्रावधान ₹200

13. X,Y और Z एक फर्म में साझेदार हैं। वे समान अनुपात में लाभलाभ बाँटते हैं।31 दिसम्बर, 2018 को उनका चिट्ठा निम्न था –

चिट्ठा

दायित्व	**रकम** ₹	**सम्पत्तियाँ**	**रकम** ₹
सामान्य संचय	13,500	रोकड़	2,000
लेनदार	16,500	बैंक में शेष	1,000
पूँजी खाते		स्टॉक	4,000
X-18,000		देनदार	15,000
Y-15,000		फर्नीचर	8,000
Z-12,000	45,000	भवन	45,000
	75,000		**75,000**

Z ने जनवरी, 2019 को अवकाश ग्रहण किया। फर्म की ख्याति ₹22,500 आँकी गई। Z को देय राशि की गणना कीजिए और उसके ऋण खाते में अंतरित कीजिए। Z के ऋण का भुगतान 4 समान किश्तों में 8प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से प्रत्येक वर्ष के अन्त में किया जाएगा। Z का ऋण खाता चार वर्षों के लिए खोलिए।

14. A,B और C एक फर्म में साझेदार हैं। वे 4: 3: 2 के अनुपात में लाभ विभाजन करते है । A फर्म से अवकाश ग्रहण करता है। उस दिन फर्म का चिट्ठा निम्न था –

चिट्ठा

दायित्व	**रकम** ₹	**सम्पत्तियाँ**	**रकम** ₹
बैंक अधिविकर्ष	4,000	रोकड़ शेष	1,000
विविध लेनदार	9,000	विविध देनदार	10,000
कर्मचारियों का		स्टॉक	16,000
दुर्घटना कोष	15,000	मोटर कार	8,000
पूँजी खाते–		फर्नीचर	1,000
A–27,000		प्लाण्ट और मशीन	20,000
B–24,000		भूमि और कारखाना	36,000
C–13,000	64,000		
	92,000		**92,000**

A के अवकाश ग्रहण पर निम्नलिखित समायोजन किए गए –

(1) देनदारों पर 10 प्रतिशत डूबत ऋण संचित किया गया।

(2) भूमि और कारखाना ₹66,000 प्लाण्ट और मशीनरी ₹80,000 फर्नीचर ₹3,000 मोटर कार ₹11,000 और स्टॉक ₹21,000 पर पुनर्मूल्यांकित किए गए।

(3) ख्याति का मूल्यांकन गत तीन वर्षों के औसत लाभ के द्वि–वर्षीय क्रय पर किया गया। पिछले तीन वर्षों के लाभ क्रमश: ₹35,000, ₹40,000 और ₹60,000 थे। आपको निम्नलिखित बनाना है -

(1) पुनर्मूल्यांकन खाता,

(2) साझेदारों के पूँजी खाते

15. मृत साझेदार को चुकायी जाने वाली राशि के उन बिन्दुओं को समझाइये जो निवृत्त होने वाले साझेदार की देय राशि से भिन्न है।

16. किसी साझेदार की मृत्यु हो जाने पर उसके कानूनी उत्तराधिकारी को देय राशि की गणना आप किस प्रकार करेंगे?

17. अवकाश प्राप्त साझेदार को दी जाने वाली राशि का भुगतान किन विधियों से किया जा सकता है?

18. दिनेश , महेश और नरेश 7 : 5 : 2 के अनुपात में लाभ – हानि विभाजित करते है। दिनेश व्यापार से निवृत्त होता है। फर्म की कुल ख्याति ₹28,000 आँकी गई है। आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

19. अमन, आशीष और नमीष साझेदार थे, जो लाभों को क्रमश: 5 : 3 : 2 के अनुपात में बॉटते थे। पुस्तकों में ख्याति नहीं दिखाई जाती , परन्तु यह सहमति हुई कि इसका मूल्यांकन ₹50,000 होगा। अमन फर्म से अवकाश ग्रहण करता है तथा आशीष और नमीष ने निश्चित किया कि भविष्य में लाभों को समान बाँटेगे। ख्याति के लिए समायोजन प्रविष्टि कीजिए। अपनी गणना स्पष्ट रूप से दर्शाइए।

---**---**

भाग 1 – इकाई-5

साझेदारी फर्म का विघटन

मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश, भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार सत्र 2022-2023 में इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 4 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है –

अंकवार प्रश्नों की संख्या				कुल अंक
वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक)	अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक)	लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक)	विश्लेष्णात्मक प्रश्न (4 अंक)	
2	1	-	-	4

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिये-

(I) वसूली खाता है –

(अ) व्यक्तिगत खाता (ब) नाममात्र का खाता

(स) साझेदारों का खाता (द) वास्तविक खाता

(II) वसूली खाता बनाया जाता है –

(अ) साझेदार के प्रवेश पर (ब) साझेदार की निवृत्ति पर

(स) फर्म के विघटन पर (द) फर्म के पुनर्गठन पर

(III) फर्म के विघटन पर साझेदार के ऋण को अंतरित किया जाता है –

(अ) वसूली खाते में (ब) साझेदार के पूंजी खाते में

(स) लाभ हानी समायोजन खाते में (द) रोकड़ खाते में

(IV) कौनसा खाता फर्म के जीवन में केवल एक बार ही बनाया जा सकता है –

(अ) वसूली खाता (ब) पुनर्मूल्यांकन खाता

(स) लाभ हानी खाता (द) रोकड़ खाता

(V) फर्म का आकस्मिक या संयोगिक विघटन होगा यदि –

(अ) सभी साझेदार दिवालिया हो जाएँ (ब) एक को छोड़कर सभी साझेदार दिवालिया हो जाएँ

(स) फर्म का व्यवसाय अवैध हो जाए (द) कोई एक साझेदार दिवालिया हो जाए

(VI) वसूली खाते में संपत्तियाँ अंतरित करते हैं –

(अ) पुस्तकीय मूल्य पर (ब) लागत मूल्य पर

(स) बाजार मूल्य पर (द) विक्रय मूल्य पर

(VII) फर्म के विघटन पर बैंक अधिविकर्ष को अंतरित किया जाता है –

(अ) वसूली खाते में (ब) साझेदारों के पूंजी खाते में

(स) लाभ हानी समायोजन खाते में (द) रोकड़ खाते में

(VIII) अलिखित संपत्ति के विक्रय से प्राप्त राशि लिखी जाती है –

(अ) साझेदारों के पूंजी खाते में (ब) वसूली खाते में

(स) लाभ हानी समायोजन खाते में (द) संपत्ति खाते में

(IX) निम्नलिखित में से किसे वसूली खाते में अंतरित किया जाता है –

(अ) साझेदार का ऋण (ब) अविभाजित लाभ

(स) बैंक अधिविकर्ष (द) रोकड़

(X) निम्नलिखित में से किसे वसूली खाते में अंतरित नहीं किया जाता है –

(अ) डूबत ऋण संचिति (ब) बैंक अधिविकर्ष

(स) विनियोग उच्चावचान कोष (द) रोकड़ व बैंक शेष

(XI) लेनदार और देय विपत्रों जैसे दायित्वों को वसूली खाते में अंतरित करने के पश्चात भुगतान की सूचना के अभाव में ऐसे दायित्वों का–

(अ) भुगतान नहीं होगा (ब) पूर्ण भुगतान होगा

(स) आंशिक भुगतान होगा (द) वसूली पर लाभ होने पर ही भुगतान होगा

प्रश्न 2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये –

(I) वसूली खाता फर्म के जीवन में ..... बार बनाया जाता है।

(II) वसूली खाता ..... प्रकृति का खाता होता है।

(III) फर्म के विघटन पर बाहरी दायित्वों को ..... खाते में अंतरित करते हैं।

(IV) वसूली खाते में संपत्तियों को उनके ..... मूल्य पर अंतरित करते हैं।

(V) वसूली खाते का शेष ..... साझेदारों में बांटा जाता है।

(VI) फर्म के विघटन के पश्चात साझेदार स्वयं का ..... कर सकते हैं।

(VII) फर्म के विघटन पर सर्वप्रथम ..... दायित्वों को भुगतान किया जाता है।

(VIII) सभी साझेदारों के दिवालिया होने पर फर्म का ..... विघटन होता है।

(IX) निश्चित अवधि जिसके लिए साझेदारी की गयी थी, व्यतीत हो जाने पर फर्म का ..... विघटन होता है।

(X) फर्म के विघटन पर चिट्ठे की समस्त वास्तविक सम्पत्तियों को वसूली खाते के ..... पक्ष में अंतरित करते हैं।

(XI) फर्म का व्यापार अवैध हो जाने पर फर्म का ..... विघटन होता है।

(XII) फर्म का कोई साझेदार वैधानिक रूप से दिवालिया हो जाए तो फर्म का ..... विघटन होता है।

(XIII) फर्म के विघटन पर हिसाब की पुस्तकों को ..... कर दिया जाता है।

प्रश्न 3. सही जोड़ियाँ बनाइये –

A	'अ'	'ब'
(I)	सभी साझेदारों का दिवालिया होना	(अ) वसूली खाते में अंतरित करते हैं
(II)	किसी एक साझेदार का दिवालिया होना	(ब) वसूली खाते में अंतरित नहीं करते हैं
(III)	वसूली खाता	(स) संयोग द्वारा विघटन
(IV)	बैंक अधिविकर्ष	(द) फर्म के जीवनकाल में एक बार बनाते हैं
(V)	रोकड़ खाता	(ई) अनिवार्य विघटन

B	'अ'	'ब'
(I)	अलिखित दायित्व का भुगतान	(अ) नाममात्र का खाता
(II)	फर्म विघटन पर सबसे पहले भुगतान	(ब) साझेदारों के पूंजी खाते में
(III)	वसूली खाता	(स) अनिवार्य विघटन
(IV)	संचय व कोषों का अंतरण	(द) वसूली खाते के नाम पक्ष में
(V)	फर्म का व्यापार अवैध होना	(ई) बाहरी दायित्व

प्रश्न 4. सत्य / असत्य छांटिए-

(i) वसूली खाता फर्म के पुनर्गठन पर बनाया जाता है।

(ii) वसूली खाता फर्म के जीवन में अनेक बार बनाया जा सकता है।

(iii) फर्म के विघटन पर सर्वप्रथम बाहरी दायित्वों का भुगतान किया जाता है।

(iv) बैंक अधिविकर्ष को वसूली खाते में अंतरित नहीं किया जाता है।

(v) फर्म के समापन पर संचय व कोषों का शेष साझेदारों के पूंजी खाते में अंतरित किया जाता है।

(vi) वसूली खाता वास्तविक प्रकृति का खाता होता है।

(vii) फर्म के विघटन और साझेदारी के विघटन में कोई अंतर नहीं है।

(viii) फर्म के विघटन पर अलिखित संपत्ति से प्राप्ति को वसूली खाते में जमा किया जाता है।

(ix) फर्म के विघटन पर पुनर्मूल्यांकन खाता बनाया जाता है।

(x) ऐच्छिक साझेदारी का विघटन साझेदारों द्वारा एक दूसरे को लिखित सूचना देकर किया जा सकता है।

प्रश्न 5. एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर लिखिए –

(i) वसूली खाता कब बनाया जाता है?

(ii) वसूली खाते में सम्पत्तियों को किस मूल्य पर अंतरित करते हैं?

(iii) फर्म के विघटन पर सम्पत्तियों से प्राप्ति और दायित्वों के भुगतान के लिए कौन सा खाता बनाते हैं।

(iv) फर्म के अनिवार्य विघटन की कोई 1 दशा बताइये।

(v) फर्म के विघटन पर साझेदार का ऋण किस खाते में अंतरित करते हैं?

(vi) फर्म के सांयोगिक विघटन की कोई 1 दशा बताइये।

(vii) वसूली खाता फर्म के जीवन में कितनी बार बनाया जा सकता है?

(viii) अलिखित संपत्ति से प्राप्त रकम को किस खाते में जमा किया जाता है?

(ix) कौनसा खाता केवल फर्म के विघटन पर ही बनाया जा सकता है?

(x) वसूली खाता किस प्रकृति का खाता है?

अति लघुउत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 30) प्रत्येक प्रश्न 2 अंक

1. वसूली खाते से क्या आशय है?
2. साझेदारी फ़र्म के विघटन से क्या आशय है?
3. वे कौनसी दशाएँ हैं, जब फ़र्म का अनिवार्य विघटन होता है?
4. साझेदारी के विघटन से आशय लिखिए।
5. फर्म के विघटन पर चिट्ठे से वसूली खाते में किन खातों को अंतरित नहीं किया जाता है?
6. फर्म के विघटन पर बनाए जाने वाले खातों के नाम दीजिये।
7. फर्म के संयोगिक विघटन की दशाएँ लिखिए।
8. फर्म के अनिवार्य विघटन से क्या आशय है?
9. फर्म के समापन का क्या प्रभाव होता है?
10. फर्म का समझौते द्वारा समापन से क्या आशय है?
11. फर्म के समापन पर विभिन्न संपत्तियों और बाहरी दायित्वों के शेष को वसूली खाते के किस पक्ष में अंतरित करते हैं?
12. साझेदारी फर्म का सूचना द्वारा विघटन से आप क्या समझते हैं?
13. साझेदारी फर्म के विघटन पर बैंक अधिविकर्ष और साझेदारों के ऋण को चिट्ठे से किस खाते में अंतरित किया जाता है?
14. फर्म के विघटन पर परिसंपत्तियों के वसूली खाते में अंतरण पर क्या जर्नल प्रविष्टि की जाती है?
15. फर्म के विघटन पर बाहरी दायित्वों के वसूली खाते में अंतरण पर क्या जर्नल प्रविष्टि की जाती है?
16. किन्हीं दो दशाओं के नाम दीजिये जब न्यायालय फर्म के विघटन का आदेश दे सकता है?
17. फर्म के विघटन का फर्म की हिसाब की पुस्तकों पर क्या प्रभाव पड़ता है?
18. फर्म के विघटन पर एक अलिखित संपत्ति ₹10000 की एक साझेदार "अ" ने ली, इसके संबंध में वसूली खाते और साझेदारों के पूंजी खाते में कहाँ और क्या लेखा होगा?

19. एक फर्म (जिसमें राम और श्याम बराबर के साझेदार थे) के विघटन के समय उसकी वास्तविक संपत्तियों का योग ₹100000 और बाहरी दायित्वों का योग ₹30000 था संपत्तियों से ₹90000 प्राप्त हुये। वसूली खाता बनाइये।
20. किन दशाओं में न्यायालय फर्म के विघटन के लिए आदेश दे सकता है?
21. फर्म के सभी साझेदारों ने फर्म के विघटन की इच्छा व्यक्त की। मोहन एक साझेदार है जो अपने ₹20000 के ऋण को साझेदारों की पूंजी भुगतान से पहले भुगतान चाहता है। लेकिन सोहन एक अन्य साझेदार है जो पूँजी का भुगतान मोहन के ऋण के भुगतान के पहले चाहता है । कारण बताते हुए विघटन हेतु सुझाव दीजिये।
22. ऐच्छिक साझेदारी का विघटन कैसे किया जा सकता है?
23. निम्न में से प्रत्येक दशा में फर्म का विघटन किस रीति से होगा-
    (i) सभी साझेदारों के दिवालिया होने पर,
    (ii) वह कार्य जिसके लिए साझेदारी की गयी थी पूर्ण हो जाने पर
24. फर्म के विघटन पर दायित्वों के भुगतान का क्रम बताइये।
25. क्या होगा यदि फर्म के विघटन पर कोई साझेदार स्वयं की पूंजी की कमी के भुगतान में असमर्थ हो?
26. क्या होगा जब ऐसा आभास हो जाए की साझेदारी फर्म का व्यवसाय निरंतर हानि में ही चलेगा?
27. वसूली खाते और पुनर्मूल्यांकन खाते में 2 अंतर लिखिए।
28. साझेदारी के विघटन और साझेदारी फर्म के विघटन में 2 अंतर लिखिए।
29. साझेदारी के आकस्मिक विघटन और अनिवार्य विघटन में 2 अंतर लिखिए।
30. वसूली खाते का काल्पनिक प्रारूप दीजिये।
31. फर्म के विघटन पर साझेदारी अधिनियम के अनुसार हिसाब किताब का निबटारा करने के लिए परिसंपत्तियों का किस क्रम में उपयोग किया जा सकता है?

___**___**

भाग 2 -इकाई-1

कम्पनी लेखे – अंश पूंजी के लिए लेखांकन

मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश, भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार सत्र 2022-2023 में इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 16 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है –

अंकवार प्रश्नों की संख्या				कुल अंक
वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक)	अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक)	लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक)	विश्लेष्णात्मक प्रश्न (4 अंक)	
4	4	-	1	16

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिये-

(I) कंपनी की अधिकृत पूंजी का वह भाग जो जनता के समक्ष बेचने के लिए प्रस्तुत किया जाता है, कहलाता है –

(अ) निर्गमित पूंजी (ब) याचित पूंजी

(स) प्रार्थित पूंजी (द) संचित पूंजी

(II) अंशो के हरण पर जप्त की गई राशि किस खाते में हस्तांतरित की जाती है –

(अ) अंश प्रीमियम खाते में (ब) अंश हरण खाते में

(स) अंश आवेदन खाते में (द) अंश याचना खाते में

(III) अंशो के पुन:निर्गमन पर दिया गया बट्टा अधिकतम कितना हो सकता है–

(अ) 15% (ब) 10%

(स) अंश हरण राशि के बराबर (द) इनमें से कोई नहीं

(IV) निम्नलिखित में से किसे मताधिकार प्राप्त है –

(अ) ऋणपत्रधारी (ब) समता अंशधारी

(स) पूर्वाधिकार अंशधारी (द) इनमें से कोई नहीं

(V) निम्नलिखित में से किसकी लाभांश की दर अनिश्चित है -

(अ) ऋणपत्रधारी (ब) समता अंशधारी

(स) पूर्वाधिकार अंशधारी (द) इनमें से कोई नहीं

(VI) समता अंशधारी होते हैं –

(अ) कंपनी के ग्राहक (ब) कंपनी के स्वामी

(स) कंपनी के लेनदार (द) इनमें से कोई नहीं

(VII) अंश धारी प्राप्त करते हैं –

(अ) ब्याज (ब) लाभांश

(स) कमीशन (द) इनमें से कोई नहीं

(VIII) निजी कंपनी के अधिकतम सदस्यों की संख्या कितनी हो सकती है –

(अ) 20 (ब) 200

(स) 40 (द) 7

(IX) जप्त अंशों के पुनर्निर्गमन करने पर अंश हरण खाते का शेष कहां स्थानांतरित करते हैं –

(अ) अंश पूंजी खाते में (ब) अंश आवंटन खाते में

(स) लाभ हानि खाते में (द) पूंजीगत संचय खाते में

(X) ऐसे अंश जिन्हें लाभांश प्राप्ति एवं कंपनी के समापन पर पूंजी की वापसी का अधिकार पूर्वाधिकारी अंशों के बाद होता है, उसे कहा जाता है –

(अ) पूर्वाधिकारी अंश (ब) समता अंश

(स) अधिकार अंश (द) इनमें से कोई नहीं

(XI) जिन अंशों पर लाभांश की दर निश्चित होती है और जिन्हें समापन पर पूंजी की वापसी का पहला अधिकार होता है, वह कहलाते हैं –

(अ) समता अंश (ब) पूर्वाधिकार अंश

(स) ऋणपत्र (द) इनमें से कोई नहीं

(XII) वह पूंजी जिससे अधिक अंशों का निर्गमन नहीं किया जा सकता, कहलाती है –

(अ) चुकता पूंजी (ब) याचित पूंजी

(स) अधिकृत पूंजी (द) निर्गमित पूंजी

(XIII) एक कंपनी ने ₹10 वाले 10,000 अंश निर्गमित किए । जनता से 12,000 अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए,यह कहलाएगा –

(अ) याचना (ब) अति अभियान

(स) अल्प अभिदान (द) अवशिष्ट याचना

(XIV) भारतीय कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार एक कंपनी निर्गत कर सकती है –

(अ) सिर्फ समता अंश (ब) सिर्फ पूर्वाधिकार अंश

(स) समता एवं पूर्वाधिकार अंश (द) इनमें से कोई नहीं

(XV) अंश आवेदन खाता है –

(अ) व्यक्तिगत खाता (ब) अव्यक्तिगत खाता

(स) वास्तविक खाता (द) नाममात्र का खाता

(XVI) सार्वजनिक कंपनी की न्यूनतम एवं अधिकतम सदस्य संख्या है –

(अ) 7 और 50 (ब) 10 और 20

(स) 7 और असीमित (द) निर्धारित नहीं

(XVII) अंश हरण के अंश धारी को नोटिस देना होगा –

(अ) 10 दिन का (ब) 60 दिन का

(स) 14 दिन का (द) 15 दिन का

(XVIII) अंश हरण सम्बंधी लिखित सूचना अंशधारी को कितने दिन पूर्व देनी चाहिए –

(अ) 21 दिन (ब) 14 दिन

(स) 7 दिन (द) इनमें से कोई नहीं

(XIX) सार्वजनिक कंपनी द्वारा अंशों के विक्रय हेतु जारी किए जाने वाला प्रलेख है –

(अ) पार्षद सीमा नियम (ब) पार्षद अंतर नियम

(स) सारणी 'F' (द) प्रविवरण

(XX) पूंजी का भाग जो केवल कंपनी के समापन के समय मांगा जाता है, कहलाता है –

(अ) अधिकृत पूंजी (ब) निर्गमित पूंजी

(स) प्रार्थित पूंजी (द) संचित पूंजी

(XXI) अवशिष्ट याचना पर सारणी 'F' के अनुसार ब्याज की दर होती है –

(अ) 6% वार्षिक (ब) 10% वार्षिक

(स) 8% वार्षिक (द) 5% वार्षिक

(XXII) प्रतिभूति प्रीमियम है –

(अ) पूंजीगत लाभ (ब) आगमगत लाभ

(स) पूंजीगत हानि (द) आगमगत हानि

प्रश्न 2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये –

(I) .....अंशधारियों को प्रत्येक प्रस्ताव पर मत देने का अधिकार है।

(II) कंपनी के समापन पर ..... अंशधारियों को पूंजी सबसे पहले लौटाई जाती है।

(III) .....कंपनी के वास्तविक स्वामी माने जाते हैं।

(IV) जब निर्गमित किए गए अंशों की तुलना में अधिक आवेदन प्राप्त हो तो इसे .....कहते हैं।

(V) जब अंशों को उसके अंकित मूल्य से अधिक पर जारी किया जाए तो वह .....पर निर्गमन कहलाता है।

(VI) जब अंशों का निर्गमन इसके अंकित मूल्य से कम पर किया जाए तो उसे ..... निर्गमन कहा जाता है।

(VII) कंपनी विधान द्वारा निर्मित एक.....है।

(VIII) प्रतिभूति प्रीमियम संचय का शेष कंपनी के चिट्ठे में .....की ओर दिखाया जाता है।

(IX) अंश जिन पर एक निश्चित प्रतिशत दर पर लाभांश भुगतान किया जाता है .....कहलाते हैं।

(X) अंशो के निर्गमन पर प्राप्त प्रीमियम, कंपनी का .....लाभ है।

(XI) अंश का .....मूल्य होता है जबकि स्कंध का कोई .....मूल्य नहीं होता है।

(XII) ₹20 वाला कोई अंश ₹25 पर जारी किया जाए तो इसे अंश का .....पर निर्गमन कहते हैं।

(XIII) हरण किए गए अंश के पुनर्निर्गमन पर बट्टे की राशि से .....खाता डेबिट किया जाता है।

(XIV) तालिका 'F' के अनुसार अग्रिम याचना पर .....वार्षिक की दर से ब्याज दिया जाता है।

(XV) अंश.....प्रकार के होते हैं।

(XVI) अंश आबंटन खाता .....खाता होता है।

(XVII) पार्षद सीमा नियम .....का उल्लेख करता है।

(XVIII) अशोद्ध ऋणपत्र वे होते हैं जिनका .....कंपनी के समापन की दशा में किया जाता है।

प्रश्न 3. सही जोड़ियाँ बनाइये –

A	**'अ'**	**'ब'**
(I)	कम आवेदन की प्राप्ति	(अ) अदत्त याचना
(II)	अवशिष्ट याचना	(ब) पूंजीगत संचय
(III)	संचित पूंजी	(स) अल्प अभिदान
(IV)	अंश हरण खाते का शेष	(द) कंपनी का समापन
(V)	अंश हरण पर जप्त राशि	(इ) अंश हरण खाते

B	**'अ'**	**'ब'**
(I)	अति अभिदान	(अ) पूंजी वापसी की प्राथमिकता
(II)	निश्चित दर से लाभांश	(ब) कंपनी के स्वामी
(III)	समता अंशधारी	(स) पूर्वाधिकार अंश
(IV)	पूर्वाधिकार अंश	(द) आनुपातिक आवंटन
(V)	पार्षद सीमा नियम	(इ) रजिस्टर्ड पूंजी
(VI)	अधिकृत पूंजी	(फ) कंपनी की आधारशिला

C	**'अ'**	**'ब'**
(I)	संचित पूंजी	(अ) समता अंशधारी
(II)	लाभांश की दर अनिश्चितता वाले अंश	(ब) अति अभिदान
(III)	मताधिकार प्राप्त अंशधारी	(स) कंपनी के समापन पर
(IV)	लाभांश का पूर्वाधिकार	(द) समता अंश
(V)	अधिक आवेदन प्राप्ति	(इ) पूर्वाधिकार अंशधारी

प्रश्न 4. सत्य / असत्य छांटिए-

(I) अग्रिम मांग अंश पूंजी का एक भाग है।
(II) अंश स्कंध का कोई अंकित मूल्य नहीं होता।
(III) समता अंशधारियों को लाभ होने पर लाभांश देना अनिवार्य है।
(IV) कंपनी में अंशधारियों का दायित्व असीमित होता है।
(V) अंश प्रीमियम एक पूंजीगत लाभ है।
(VI) दो याचनाओं के मध्य 15 दिन से कम का अंतर नहीं होना चाहिए।
(VII) एक सार्वजनिक कंपनी न्यूनतम अभिदान राशि प्राप्त किए बिना अंशों क आवंटन नहीं कर सकती है।
(VIII) कंपनी अधिकृत पूंजी से अधिक अंश का निर्गमन कर सकती है।
(IX) अंशो के निर्गमन पर दिया जाने वाला बट्टा 10% से अधिक नहीं हो सकता है।
(X) दो याचनाओं के मध्य न्यूनतम 2 माह का समय होना चाहिए।
(XI) अंशों की संपूर्ण राशि एक साथ प्राप्त की जा सकती है।
(XII) अग्रिम याचना प्राप्त होने पर बैंक खाता डेबिट और अग्रिम याचना खाता क्रेडिट किया जाता है।
(XIII) एक निजी कंपनी प्रविवरण जारी नहीं करती है।
(XIV) अंश प्रीमियम की राशि को चिट्ठे में ''संचय व अतिरेक'' शीर्षक के अंतर्गत प्रदर्शित किया जाता है।
(XV) समता अंशों पर लाभांश की दर निश्चित होती है।

प्रश्न 5. एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर लिखिए –

(I) निर्गर्मित अंशों से कम के लिए आवेदन पत्र आए तो ऐसी स्थिति को क्या कहते हैं?
(II) कम्पनी की स्थापना करने वाले व्यक्ति को क्या कहते हैं?
(III) क्रय प्रतिफल –शुद्ध सम्पत्ति = ?
(IV) अंकित मूल्य से अधिक मूल्य पर अंशों का निर्गमन कहलाता है।
(V) अंकित मूल्य से कम मूल्य पर अंशों का निर्गमन कहलाता है।
(VI) अंकित मूल्य पर अंशों का निर्गमन कहलाता है।
(VII) जब अंशों का निर्गमन अंकित मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाए तो आधिक्य राशि क्या कहलाती है?
(VIII) अंश धारी को जो प्रमाण पत्र दिया जाता है, उसे कहते हैं।

अति लघुउत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 30) प्रत्येक प्रश्न 2 अंक

1. अंश अधिपत्र क्या है?
2. श्रम साध्य साधारण अंश से क्या तात्पर्य है?
3. अग्रिम याचना से क्या आशय है?
4. अंश हरण से क्या आशय है?
5. निजी कंपनी को परिभाषित कीजिए।
6. अंश समर्पण किसे कहते हैं?
7. बकाया मांग से क्या अभिप्राय है?
8. प्रतिभूति प्रीमियम का प्रयोग कहां किया जा सकता है?
9. अग्रिम मांग से क्या अभिप्राय है?
10. भाग युक्त एवं अभाग युक्त पूर्वाधिकार अंश से क्या आशय है?

11. शोधनीय एवं अशोधनीय पूर्वाधिकार अंश से क्या आशय है?
12. न्यूनतम अभिदान पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
13. संचित पूंजी क्या होती है?
14. अंश प्रीमियम से क्या आशय है?
15. समता अंशों से क्या आशय है?
16. पूर्वाधिकार अंश किसे कहते हैं?
17. पार्षद सीमा नियम क्या है?
18. न्यूनतम अभिदान किसे कहते हैं?
19. स्कंध किसे कहते हैं?
20. सार्वजनिक कंपनी क्या है?
21. निजी कंपनी क्या है?
22. अंशों का हरण कब किया जा सकता है?
23. अंश से क्या आशय है?
24. कंपनी को परिभाषित कीजिए।
25. कंपनी शब्द का क्या अर्थ है?
26. ''कंपनी विधान द्वारा निर्मित एक प्रति व्यक्ति है'' समझाइए।
27. अति अभिदान एवं अल्प अभिदान शब्दों को स्पष्ट करें।
